# उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र

**सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तराखण्ड शासन**
अपर आमवाला, नालापानी, देहरादून–248008
(वेबसाइट– https://usac.uk.gov.in)

विज्ञप्ति संख्याः 1/2026

उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र (यू–सैक) उत्तराखण्ड सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तराखण्ड शासन के प्रशासनिक नियन्त्रणाधीन एक स्वायत्तशासी संस्था है जो उत्तराखण्ड शासन की अधिसूचना संख्या– 1635/XXXVIII(1)/173– वि0प्रौ0/2005 दिनांक 21.09.2005 द्वारा सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन ऐक्ट 1860 के अर्न्तगत पंजीकृत है। यू–सैक अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के त्वरित विकासात्मक नियोजन हेतु समर्पित संस्था है तथा यहां भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एवं राज्य के रेखीय विभागों के सक्रिय सहयोग से वैज्ञानिक कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है।

उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र (यू–सैक) द्वारा निदेशक के पद पर भर्ती हेतु इच्छुक, मेहनती, विश्वसनीय एवं पात्र अभ्यर्थियों से दिनांक 23.03.2026 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं–

| नाम एवं पद की संख्या | वेतनमान एवं ग्रेड वेतन | अर्हता |
|---|---|---|
| निदेशक<br>01 पद | वेतन बैण्ड–4<br>रू.37400–67,000<br>ग्रेड वेतन रू 10000/–<br>(लेवल–14, रू. 144200–218200) | **अनिवार्य–**<br>पी.एच.डी. डिग्री के साथ अन्तरिक्ष अनुप्रयोग से सम्बन्धित कार्यो का 18 वर्ष का अनुभव जिसमें कम से कम 4 वर्ष रू0 37400–67000 ग्रेड वेतन 8700/– के वेतनमान में वैज्ञानिक–एस.एफ. अथवा समकक्ष पद पर कार्यानुभव हो।<br>**अधिमानी–**<br>अन्तरिक्ष तकनीक (स्पेस टैक्नोलॉजी) से सम्बन्धित परियोजनाओं जैसे सुदूर संवेदन (रिमोट सेंसिंग) तथा विकसित सम्प्रेषण (डेवलपमेन्टल कम्यूनिकेशन) को संचालित करने का अनुभव। |

अन्य शर्ते–

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन हेतु अर्ह हैं।
2. पद अस्थायी हैं किन्तु भविष्य में चलते रहने की सम्भावना है।
3. आयु सीमा– दिनांक 01 जनवरी, 2026 को न्यूनतम आयु 45 वर्ष एवं अधिकतम 58 वर्ष है।
4. वांछित शैक्षिक अर्हताएं मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थाओं से होनी चाहिए।
5. सरकारी/अर्द्ध–सरकारी/पब्लिक सेक्टर अण्टरटेकिंग आदि में कार्यरत अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र उचित माध्यम से प्रस्तुत करें तथापि अग्रिम प्रति प्रेषित की जा सकती है।
6. आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी को अपनी समस्त शैक्षिक योग्यता, अनुभव एवं जन्म तिथि से सम्बन्धित प्रमाण पत्र/अंक तालिका की सत्यापित प्रतियां एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करना अनिवार्य है।
7. अभ्यर्थी पृथक लिफाफे, जिस पर **विज्ञापन संख्या एवं पदनाम** लिखा हो प्रेषित करें।
8. पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र निदेशक, उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र, अपर आमवाला, नालापानी देहरादून–248008 को केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने की तिथि से **30 दिवस के भीतर** प्राप्त हो जाने चाहिए। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा किसी भी पोस्टल डिले (डाक में देरी) हेतु **उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र (यू–सैक)** जिम्मेदार नहीं होगा।

9. मात्र न्यूनतम योग्यता/अनुभव रखने पर अभ्यर्थी को कोई ऐसा अधिकार प्राप्त नहीं होगा कि उसे साक्षात्कार हेतु बुलाया ही जाए। केवल शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इस सम्बन्ध में शासन का निर्णय अन्तिम होगा एवं शासन द्वारा इस सम्बन्ध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
10. चयनित अभ्यर्थियों की सेवा एवं अन्य शर्ते 'उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र कार्मिक सेवा दिशा निर्देश–2011' के अन्तर्गत संचालित होंगी तथा तद्नुसार ही उन्हें भत्ते यथा–मंहगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता आदि अनुमन्य होंगे।
11. वांछित प्रमाण पत्रों के अभाव में अथवा किसी भी प्रकार अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण/भ्रामक/बिना हस्ताक्षर वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
12. अन्य प्रकरणों यथा–अर्हता, आवेदन स्वीकार/अस्वीकार करने, स्क्रीनिंग/चयन प्रणाली के सम्बन्ध में शासन का निर्णय अन्तिम एवं बाध्यकारी होगा।
13. पद को न भरने का अधिकार शासन के पास सुरक्षित हैं।

**निदेशक, उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र (यू–सैक)**

**कैसे आवेदन करें–**

इच्छुक अभ्यर्थी ए–4 आकार के कागज पर अपने आवेदन पत्र जिसमें आवेदित पद, नाम, जन्म स्थान, जन्म तिथि, राष्ट्रीयता, पिता/विवाहिती, पत्राचार/स्थायी पता, शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यता विवरण, पूर्ण/वर्तमान कार्य अनुभव, यदि कोई हो, धारित पद, वेतनमान, प्राप्त वेतन, कार्य अवधि, कार्य प्रकृति, सन्दर्भ आदि एवं अन्य विवरण, जो अभ्यर्थी देना चाहें के साथ प्रेषित कर सकते हैं।

**घोषणा**

मैं........................................................ निष्ठापूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में प्रस्तुत किए गए समस्त विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य हैं। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि मैंने जानबूझकर कोई तथ्य छिपाया है अथवा गलत प्रस्तुत किया है तो मैं इसके लिए स्वयं उत्तरदायी होऊंगा/होऊंगी तथा मेरी अभ्यर्थिता/सेवायोजन निरस्त कर दिया जाए।

दिनांक..........................................

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

स्थान...........................................

नाम

FORMAT OF APPLICATION
(APPLICATION FOR THE POST OF DIRECTOR- UTTARAKHAND SPACE APPLICATION CENTRE, GOV. OF UTTARAKHAND)

Affix Passport size photograph

1. Name of the applicant (In Block Letter) ................................................................

2. i)Father's Name ................................................................

ii)Spouse's Name ................................................................

3. Date of Birth (DD/MM/YY) ................................................................

4. Postal Address ................................................................

................................................................

PIN ................................................................

e-mail ................................................................

5. Permanent Address ................................................................

................................................................PIN ...........

6. Nearest Railway Station/Airport ................................................................

7. Nationality ................................................................

8. Marital Status ................................................................

9. Wheter belong to SC/ST/OBC/PH(if yes, attach certificate) ................................................................

10. Education Qualification (from matriculation onward)

| S.No. | Exam Passed | Board/ University | Division | %age | Year of Passing | Subjects |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

11. Experience (from current to oldest):

| S.No. | From | To | Name of Organization | Position held | Scale of Pay |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

12. Professional training undergone, if any, and details thereof ................................................................

13. Honour/Awards/Fellowship recieved ................................................................

14. Toal research/Acadmic Experience ................................................................

15. Detials of research work ................................................................

16. Details of patent granted ................................................................

17. Details of technology transferred/developed ................................................................

18. Details of publications with impact factor (a list of publications may be provided) & H Index.......................................

19. Any other relevant information that you may like to furnish ................................................................

**Signature of the Candidate**

**Place** ......................................

**Date** ......................................

अमर उजाला, दिनांक 21.2.2026

## उत्तराखण्ड अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र

सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तराखण्ड शासन
अपर आमवाला, नालापानी, देहरादून– 248008

### विज्ञप्ति

वि.सं.– 01/2026

उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र (यू–सैक) में प्रतिनियुक्ति/सर्च कमेटी द्वारा/अनुबन्ध के माध्यम से वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000 ग्रेड वेतन–रू0 10000 (लेवल–14, रू0 144200–218200) में निदेशक पद की तैनाती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पद हेतु निर्धारित योग्यता, अंतिम तिथि इत्यादि का विस्तृत विवरण यू–सैक की अधिकारिक वेबसाइट **https://usac.uk.gov.in** पर उपलब्ध है।

संख्याः 346/यू–सैक/प्रशा0/2026 दिनांक : 20.02.2026

**निदेशक**

दैनिक जागरण, दिनांक 21.2.2026

## उत्तराखण्ड अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र

सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तराखण्ड शासन
अपर आमवाला, नालापानी, देहरादून– 248008

### विज्ञप्ति

वि.सं.– 01/2026

उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र (यू–सैक) में प्रतिनियुक्ति/सर्च कमेटी द्वारा/अनुबन्ध के माध्यम से वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000 ग्रेड वेतन–रू0 10000 (लेवल–14, रू0 144200–218200) में निदेशक पद की तैनाती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पद हेतु निर्धारित योग्यता, अंतिम तिथि इत्यादि का विस्तृत विवरण यू–सैक की अधिकारिक वेबसाइट **https://usac.uk.gov.in** पर उपलब्ध है।

संख्याः 346/यू–सैक/प्रशा0/2026 दिनांक : 20.02.2026

**निदेशक**